**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 24 अगस्त 2026, समय 13:05 (5 मिनट)**

नीलसन- आईक्यू और वर्ल्ड डेटा लैब ने अपनी नवीनतम रिपोर्ट में, भारत में 2036 तक 10 करोड 80 लाख धनी उपभोक्ता होने का अनुमान व्यक्त किया है। चीन में यह संख्या 10 करोड़ 30 लाख है। रिपोर्ट में प्रतिदिन 90 डॉलर से अधिक खर्च करने वाले लोगों को धनी उपभोक्ताओं के रूप में परिभाषित किया गया है। 2026 में भारत में लगभग दो करोड़ 60 लाख धनी उपभोक्ता होने का अनुमान है। अगले दशक में इनकी संख्या में आठ करोड़ 20 लाख की वृद्धि होने का अनुमान है। रिपोर्ट में बढ़ती आबादी और मध्यम वर्ग के आधार पर भारत को मात्रा वृद्धि वाला बाजार बताया।

**********************************************************

*****************

रेलवे ने पूरे रेल नेटवर्क में विशेष स्वच्छता अभियान शुरू किया है। इसका उद्देश्य रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों को लगातार स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराना है। इसके तहत पेयजल टैंकों और फिल्ट्रेशन सिस्टम की सफाई और कीटाणुशोधन किया जाएगा। रेल मंत्रालय ने बताया कि इस अभियान के दौरान जोनल रेलवे जल स्रोतों, जल शोधन और फिल्ट्रेशन संयंत्रों, भूमिगत और ऊपरी टैंकों, पीवीसी टैंकों, वाटर बूथ, नलों और पेयजल वितरण केंद्रों का व्यापक निरीक्षण करेंगे।

सभी पेयजल टैंकों को खाली कर उनकी गाद हटाई जाएगी, अच्छी तरह साफ किया जाएगा और कीटाणुरहित किया जाएगा। साथ ही, टैंकों के □क्कन अच्छी

तरह बंद रखने और वेंट तथा ओवरफ्लो पाइपों को पक्षियों, जानवरों और काई से सुरक्षित रखने के उपाय किए जाएंगे।

*****************************************************

हरियाणा सरकार ने कल भारत की आर्थिक राजधानी मुंबई में 'हैपनिंग हरियाणा 2.0' अंतरराष्ट्रीय लोक संपर्क एवं वैश्विक पूंजी निवेश अभियान
की शुरुआत की। एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि
25 अगस्त तक आयोजित इस तीन दिवसीय **निवेशक सम्मेेलन** के दौरान लगभग 66,000 करोड़ रुपये से अधिक के समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर होने की संभावना है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मुहिम के तहत हरियाणवी प्रवासी परिवारों से आत्मीय संवाद किया। इस मौके पर उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह भी मौजूद रहे। प्रसिद्ध बॉलीवुड एक्टर रणदीप हुड्डा और बॉलीवुड अदाकारा मेघना मालिक ने भी कार्यक्रम में भागीदारी की और मुख्यमंत्री का अभिनंदन किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा से बाहर रह रहे हरियाणवी हरियाणा की विस्तारित शक्ति और प्रदेश की सकारात्मक पहचान के प्रतिनिधि हैं। उन्होंने प्रवासी हरियाणवियों से अपनी जन्मभूमि से जुड़े रहने के साथ-साथ प्रदेश के विकास में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया।
उन्होने कहा कि मुंबई में बसे हरियाणवी दोनों प्रदेशों के बीच एक जीवंत सेतु हैं और प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के संकल्प को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।
मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा अब केवल कृषि प्रधान राज्य की पहचान तक सीमित नहीं है। उद्योग, सेवाएं, तकनीक, स्टार्टअप, लॉजिस्टिक्स, खेल, शिक्षा और नवाचार प्रदेश की नई विकास यात्रा के प्रमुख आधार बन रहे हैं। किसान को आधुनिक तकनीक, प्रसंस्करण, ब्रांडिंग और निर्यात से जोड़ने तथा सुूक्ष्म, मध्यम और लघु उद्यमों को बड़ी आपूर्ति श्रृंखलाओं से जोड़ने पर भी विशेष बल दिया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने प्रवासी हरियाणवियों से  विद्यार्थियों के मार्गदर्शन, स्टार्टअप मेंटरिंग, खिलाड़ियों को सहयोग, महिला स्वयं सहायता समूहों को बाजार से जोड़ने तथा हरियाणा के उत्पादों को मुंबई और वैश्विक बाजारों तक पहुंचाने में सहयोग का आह्वान किया।

***************************************************************************

भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद ने स्पष्ट किया है कि एच1एन1 के किसी नये रूप की पहचान नहीं की गई है और घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है। वर्तमान समय में फैल रहा इन्फ्लूएंजा नया नहीं है। यह वर्ष 2025 से अस्तित्व में है। परिषद के अनुसार एच1एन1 समेत मौसमी इन्फ्लूएंजा अत्यधिक सीमित है। इसके सामान्य लक्षणों में बुखार, खांसी, सिरदर्द और शरीर में जकडन शामिल है तथा अधिकतर लोग उचित देखभाल और विश्राम के बाद इससे उबर जाते हैं। परिषद ने कहा है कि छोटे बच्चे, बुजुर्ग और बीमार व्यक्ति को इस इन्फ्लूएंजा से जटिलताएं आ सकती हैं। यदि ये लक्षण गंभीर हों तो डॉक्टर की सलाह लेनी चाहिए।

*****************************************************************************

हरियाणा के विकास एवं पंचायत विभाग मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि संत रविदास जी ने  ऐसे राज की कल्पना की थी जहां दुख, अन्याय और भेदभाव का कोई स्थान न हो। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के राज में देश व प्रदेश की सरकार इसी समरसता और अंत्योदय की भावना से कार्य कर रही है।

श्री कृष्ण लाल पंवार कल कुरुक्षेत्र के गांव मथाना में आयोजित कलश वंदन यात्रा में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे।इस दौरान मथाना के संत शिरोमणि गुरु रविदास मंदिर में वाराणसी की मिट्टी लेकर पहुंचे कलश को स्थापित किया गया। हरियाणा के विकास एवं पंचायत विभाग मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने डॉ.

बीआर अंबेडकर भवन मथाना का निर्माण शुरू करने के लिए 11 लाख रुपए देने की घोषणा की।
मंत्री ने कहा  कि हम अपने जीवन में मानव सेवा, अंत्योदय और सामाजिक समरसता की भावना पैदा करके संत शिरोमणि गुरु रविदास जी को सच्ची श्रद्धांजलि दे सकते हैं।

कैबिनेट मंत्री  ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की गुरु रविदास के विचारों के अनुरूप समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना समाज का कल्याण हमारी सरकार की प्राथमिकता है। गुरु रविदास जी की शिक्षाओं को जन-जन तक पहुंचाने और समाज में समरसता की भावना के प्रसार हेतु कुरुक्षेत्र के उमरी में लगभग 5 एकड़ भूमि पर 124 करोड़ रुपये की लागत से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा भव्य गुरु रविदास धाम का निर्माण करवाया जा रहा है। जिसका टेंडर हो चुका है और जल्दी ही काम भी शुरू हो जाएगा। इस धाम में गुरु जी के 125 फीट ऊँचे बुत  का निर्माण भी होगा।
*****************************************************************